# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12 मई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश में चौथे चरण के लोकसभा चुनाव में कल तेरह संसदीय सीटों के लिए होगा मतदान, आज रवाना की जाएंगी पोलिंग पार्टी
- विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक आज प्रदेश में करेंगे रैली, भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल से दो दिन के वाराणसी दौरे पर
- निर्वाचन आयोग ने तीसरे चरण के चुनाव के अंतिम आंकड़े जारी किये, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आंकड़े जारी करने की निर्वाचन आयोग की कार्य विधि को लेकर आयोग को लिखा पत्र

**और**

- आगामी दो दिनों तक प्रदेश के कई जिलों में धूलभरी हवा के साथ बारिश की संभावना

**********

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का प्रचार अभियान कल शाम समाप्त हो गया। इस चरण में प्रदेश की शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच संसदीय सीटों पर कल मतदान होगा । चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कन्नौज, कानपुर और उन्नाव में जनसभाओं को संबोधित किया । सपा मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कल कन्नौज जिले में डोर टू डोर प्रचार कर अपने लिए वोट मांगा। वहीं बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने कल श्रावस्ती में जनसभा को सम्बोधित किया । उन्होंने लोगों से अपील की कि वह केंद्र सरकार द्वारा बांटे जा रहे मुफ्त राशन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के बहकावे में न आएं क्योंकि यह राशन लोगों के कर से दिया जाता है।

रायबरेली जिले में भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भी कल प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने रायबरेली में चुनाव प्रचार किया । उन्होंने जातीय जनगणना की वकालत करते हुए राहुल गांधी को जीताने की अपील की । रायबरेली में पांचवे चरण में बीस मई को चुनाव होगा।

उधर, छठे चरण के चुनाव में शामिल जौनपुर लोकसभा सीट के बदलापुर में भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा को सम्बोधित किया । उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में सबका साथ, सबका विकास के कदमों पर देश और प्रदेश का विकास किया गया है।

इस बीच, चौथे चरण के चुनाव के लिए आज शाम पोलिंग पार्टी रवाना हो जाएंगी। शाहजहांपुर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कल पोलिंग पार्टी के रवानगी स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। हमारे संवाददाता ने बताया कि वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने चौथे चरण वाली सभी तेरह सीटों पर जीत हासिल की थी। भाजपा ने इन तेरह में से नौ सीटों पर दस से बत्तीस प्रतिशत वोट शेयर के बड़े अंतर से जीत हासिल की थी।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए विभिन्न दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता आज चुनाव प्रचार करेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज रायबरेली में रैली को संबोधित करेंगे। इस सीट से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी रायबरेली संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार करेंगे। भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री आज प्रतापगढ़ जिले में भी एक रैली को सम्बोधित करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीतापुर, बहराइच और अमेठी में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। सपा मुखिया अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी संयुक्त रूप से बाराबंकी में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में रैली को सम्बोधित करेंगे। सपा मुखिया लखनऊ के मोहनलालगंज संसदीय सीट के लिए भी चुनाव प्रचार करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के चुनाव प्रभारी अविनाश पांडेय फैजाबाद और अम्बेडकरनगर जिलों में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वाराणसी आएंगे । वह कल शाम पांच किलोमीटर लंबे रोड शो में शामिल होंगे जिसके जरिये काशी में लघु भारत की तस्वीर दिखाने का प्रयास होगा । परसों दर्शन पूजन करने के बाद वह कलक्ट्रेट सभागार में नामांकन करेंगे।

उनके दौरे और रोड शो को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम वाराणसी पहुंच कर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा की। दोनों वरिष्ठ नेता दशाश्वमेघ घाट पर विश्व विख्यात मां गंगा की आरती में शामिल हुए । उनके साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे । उन्होंने भाजपा की तरफ से आयोजित ड्रोन शो भी देखा जिसमें सरकार के विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया है।

**********

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में हुए मतदान के अंतिम आंकडे जारी कर दिए हैं। तीसरे चरण में कुल पैंसठ दशमलव छह आठ प्रतिशत मतदान हुआ। इनमें लगभग छाछट दशमलव आठ नौ प्रतिशत पुरुष, चौंसठ दशमलव चार एक प्रतिशत महिलाएं और पच्चीस दशमलव दो प्रतिशत थर्ड जेंडर थे। इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनावों के प्रत्येक चरण के बाद मतदान संबंधी आंकडे सार्वजनकि करने की निर्वाचन आयोग की कार्य विधि पर आपत्ति जताई है। आयोग को लिखे पत्र में श्री खरगे ने डाले गए सभी वोटों की संख्या को सार्वजनिक करने का सुझाव दिया है। हांलाकि, निर्वाचन आयोग मतदान संबंधी अंतिम आंकडे जारी करने में देरी के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आरोपों को पहले ही खारिज कर चुका है । कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे पत्र में आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि यह आरोप अनुचित, तथ्यहीन हैं और पक्षपातपूर्ण भ्रम फैलाने का प्रयास है। श्री खरगे ने इससे पहले सोशल मीडिया पोस्ट में आयोग के पहले के मतदान आंकडो में कथित विसगतियों का उल्लेख किया था।

**********

लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में अलग अलग जनजागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन जारी है। वाराणसी जिले में छात्राओं ने कल रैली निकाल कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। गोरखपुर जिले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की महानगर इकाई द्वारा महिला छात्रावास में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया । भदोही जिले में स्वीप के तहत मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्राथमिक पाठशाला महजूदा में बूथ चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप प्रभारी और मुख्य विकास अधिकारी ने इस मौके पर बुजुर्ग मतदाता को सम्मानित किया । औरैया जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विविध गतिविधियों के जरिये मतदान के लिए संकल्प लिया गया और लोगों में जागरूकता का संदेश दिया गया। आजमगढ़ जिले में पिंक स्कूटी रैली निकाल कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

**********

कुशीनगर जिले में मशरूम स्पॉम तैयार किया गया है। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***कुशीनगर जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र सरगठिया करन पट्टी में मशरूम स्पॉम यानी मशरूम का बीज तैयार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी डाक्टर अशोक राय ने बताया कि वैज्ञानिकों ने शुरूआती असफलताओं के बाद कड़ी मेहनत से ढेंगरी प्रजाती के मशरूम स्पॉम बनाने में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने बताया कि अब जिले के किसान मशरूम की खेती के लिए स्पॉम प्राप्त कर सकता है और यदि किसान चाहे तो यहीं से प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। विवेक पाण्डेय आकाशवाणी समाचार कुशीनगर***

**********

प्रदेश में अगले दो दिनों तक धूलभरी हवा चलने और हल्की से लेकर मद्धम वर्षा की संभावना है। कल राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में बारिश और बूंदाबांदी हुई ।मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के साथ साथ पूर्वी और पश्चिमी हवाओं के मिलन के कारण मौसम में यह बदलाव हो रहा है।

**********

आज विश्व नर्सिंग डे है। नर्सिंग विधा की आदर्श फ्लोरेंस नाइटेंगिल की याद में यह दिवस मनाया जाता है । गोरखपुर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने निर्देश दिया है कि जनपद की सभी स्वास्थ्य इकाइयों में स्टॉफ नर्स के सम्मान में एक मिनट तक ताली बजाया जाए ।

**********